तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि
रायपुर, सोमवार 16 फरवरी 2026

विधायक आशाराम के प्रयासों से बदलेगी ... 12



सामुदायिक सुविधाओं से सामाजिक ढांचा सशक्त... 12





## खबर संक्षेप

### अंतागढ़ विधायक विक्रम का आज पखांजूर अंचल प्रवास

**कांकेर।** अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी 16 एवं 17 फरवरी को



जिला कांकेर के विभिन्न क्षेत्रों के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 16 फरवरी की सुबह साढ़े 8 बजे रायपुर से मुरावंडी (बडगांव) के लिए रवाना होकर दोपहर 12 बजे वहां पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे। इसके बाद पखांजूर, मायापुर (पीवी18) एवं बांदे (पीवी82) पहुंचकर जनसंपर्क एवं जुड़े कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसके उपरांत 17 फरवरी को सुबह 10 बजे पखांजूर से अंतागढ़ होते हुए पोडगांव पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। शाम 4 बजे अंतागढ़ आगमन के साथ दौरा संपन्न होगा।

### कलेक्टर ने किया निर्माणाधीन निरोण्डाडीह पुल का निरीक्षण



**कांकेर।** कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर एवं जिला पंचायत सीईओ हरेश मण्डावी दुर्गूकोंदल विकासखण्ड के अंतर्गत मेडो से लाटमारका मार्ग में 140 लाख रूपए से निर्माणाधीन निरोण्डाडीह उच्चस्तरीय पुल का निरीक्षण किया। इस पुल के बन जाने के बाद आवागमन सुगम होगा, जिससे क्षेत्र के ग्राम लाटमारका, निरोण्डाडीह, दोड़काएनहुर, मरकाचुवा, बांगाचार इत्यादि गांवों के लगभग 04 हजार की आबादी को लाभ मिलेगा। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सड़क योजना के अधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि उक्त पुल का निर्माण बारिश के पहले पूरा कराना सुनिश्चित किया जावे।

### सिहारी में 16 को माता पहुंचानी, 17 से देवमेला



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम सिहारी में माता पहुंचानी का 16 फरवरी को होगा। इस अवसर पर गांव में माता के पीड़ितों की बारात निकाली जाएगी तथा शांति पूजा का आयोजन किया जाएगा। इसके उपरांत 17 फरवरी से 18 फरवरी को वार्षिक देव मेला (मेला मड़ई) का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार 17 की रात्रि 8 बजे से राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता होगी। सामूहिक वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5000, द्वितीय 2500, तृतीय 1500 रूपएं, युगल वर्ग में प्रथम पुरस्कार 1500, द्वितीय 1000, तृतीय 500, एकल वर्ग में प्रथम 1000, द्वितीय 500, तृतीय 300 रूपएं निर्धारित किया गया।

### सर्वजनिक शराबखोरी एक आरोपी पकड़ाया

**कांकेर।** पंडरीपानी चौक के पास सार्वजनिक स्थल पर शराब का सेवन करते हुए आरोपी शीतलापारा कांकेर निवासी 24 वर्षीय अमर सारथी पिता दीपक सारथी को पुलिस ने धर दबोचा। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिला था कि आरोपी सार्वजनिक स्थल पर शराब का सेवन कर रहा है। मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने 14 फरवरी को छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी को पकड़ा और उसके खिलाफ धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## पर्व : शहर व ग्रामीण इलकों में कई जगहों पर शिव मंदिरों की हुई स्थापना

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में श्रद्धालुओं का तांता और बम-बम भोले के जयकारों की गूंज दिनभर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- शिव मंदिर की स्थापना के बाद कई मंदिरों में भंडारा
- पुराने बस स्टैंड से निकली शिव बारात, ऊपर नीचे रोड शिव मंदिर परिसर पहुँची
- शिव समिति घड़ी चौक ने भंडारा के बाद निकाली शिव बारात

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर रविवार की सुबह कांकेर शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक शिवभक्ति की अद्भुत छटा देखने को मिली। हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण गूंज उठा और मंदिरों में उमड़े श्रद्धालुओं ने आस्था, श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान भोलेनाथ की आराधना की। सजे-धजे शिवालय, लंबी दर्शन कतारें और शिवलिंग पर होता अभिषेक, सब मिलकर महाशिवरात्रि को भव्य और यादगार बना गए। महाशिवरात्रि पर रविवार की सुबह से ही कांकेर जिले के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों के शिवालयों में श्रद्धालुओं का तांता लग गया। जैसे-जैसे सूरज निकला, वैसे-वैसे मंदिरों में भक्तों की भीड़ बढ़ती चली गई। शिवभक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की और भगवान शिव से सुख-समृद्धि की कामना की। इस बार की महाशिवरात्रि में विशेष उत्साह देखने को मिला। कांकेर शहर के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों के शिवालयों को भी आकर्षक ढंग से सजाया गया था। कई मंदिरों में श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए घंटों कतार में खड़ा रहना पड़ा, लेकिन भक्तों के चेहरे पर थकान नहीं, बल्कि भक्ति का तेज साफ झलक रहा था। मंदिरों में शिवलिंग पर जल के साथ दूध, दही, पंचामृत, गंगाजल, पान, धतूरा, भांग, फल, काली मिर्च और काले तिल ▶▶|शेष पेज 10 पर

### दो शिवरात्रियों का विशेष महत्व

मंदिरों के पुजारियों ने बताया कि वैसे तो हर महीने शिवरात्रि आती है, लेकिन दो शिवरात्रियों का विशेष महत्व माना गया है। एक शिवरात्रि सावन माह में और दूसरी फाल्गुन माह में आती है। फाल्गुन की महाशिवरात्रि को भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह का प्रतीक माना जाता है। इसी कारण इस दिन भक्त पंचामृत से अभिषेक कर भोलेनाथ की भक्ति में लीन हो जाते हैं।



### महाशिवरात्रि पर दुर्गूकोंदल अंचल में उमड़ा आस्था का सैलाब



दुर्गुकोंदल। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर पूरे दुर्गुकोंदल अंचल में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। महाशिवरात्रि के अवसर पर खंडीघाट-चेमल में प्रकृति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। पहाड़ियों की गोद में बहती जलधारा के किनारे सजा मेला सुबह से ही भक्तों से पट गया। श्रद्धालुओं ने स्नान कर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र व पुष्प अर्पित किए। स्थानीय मान्यता के अनुसार स्वर्णगंगा की जलधारा स्वयं शिवलिंग का जलाभिषेक करती है, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। मेले में खिलौने, मिठाइयां और पूजा सामग्री की दुकानें आकर्षण का केंद्र रहीं। कर्रामाड़ में आयोजित महाशिवरात्रि मेला क्षेत्र की धार्मिक परंपरा के साथ-साथ लोक संस्कृति का भी जीवंत मंच बना। सुबह से ही भक्तों का रेला उमड़ पड़ा। दुर्गुकोंदल स्थित क्षेत्र के एकमात्र प्राचीन शिवमंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। मंदिर परिसर में बच्चों, युवाओं, महिलाओं व वरिष्ठ नागरिकों ने दर्शन कर जलाभिषेक किया।

### महाशिवरात्रि पर विधायक सावित्री मंडावी ने की शिव आराधना



कांकेर। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर महाशिवरात्रि की सुबह सावित्री मनोज मंडावी ने त्रिपुर सुंदरी शक्तिपीठ नथिया नवागांव मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने भगवान भोलेनाथ से क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई और भक्तिमय माहौल बना रहा। विधायक सावित्री ने कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व आत्मशुद्धि, सेवा और सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है। उन्होंने सभी नागरिकों के लिए सुख-शांति और विकास की प्रार्थना की।

### सुबह 6 बजे से रूद्राभिषेक और शाम को आरती

ऊपर नीचे रोड के शिव मंदिर के कपाट सुबह पांच बजे खुल गए थे। सुबह प्रातः 7 बजे भगवान भोलेनाथ का रूद्राभिषेक किया ▶▶|शेष पेज 10 पर





### जामगांव में महाशिवरात्रि पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**सरोना।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नरहरपुर तहसील के ग्राम जामगांव में भक्ति और सेवा का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना और जलाभिषेक के साथ हुआ। मंदिर परिसर में भक्तों का भीड़ लगा रहा, जहाँ श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर महादेव के दर्शन किए। इस दौरान आयोजित रामायण मंडली के सुमधुर भजनों और मानस पाठ ने पूरे गांव के वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के विशेष सहयोग से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। शिव सेवा समिति के पदाधिकारी, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।



लखनपुरी में कनिष्क इंड्रस्टीज में हवन पूजा के बाद हुआ भंडारा

### महाशिवरात्रि पर नाग देवता के हुए दर्शन



जामगांव में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर उस समय कौतूहल और श्रद्धा का माहौल बन गया, जब गांव की बस्ती में अचानक एक विशालकाय नाग सांप निकल आया। त्योहार का दिन होने के कारण स्थानीय ग्रामीणों ने इसे भगवान शिव का चमत्कार और नाग देवता का शुभ आगमन मानकर पूजा-अर्चना शुरू कर दी। सांप के निकलने की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। लोगों ने श्रद्धापूर्वक अगरबत्ती जलाकर और फूल चढ़ाकर नाग देवता की पूजा की। खबर मिलने पर वन विभाग का अमला पहुँचा और भीड़ को हटाकर नाग देवता का सुरक्षित रेस्क्यू किया। वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू के बाद नाग देवता को आबादी से दूर घने सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया, ताकि वह अपने प्राकृतिक परिवेश में सुरक्षित रह सके।



तालाकुर्रा में सरपंच महाशिवरात्रि पर पूजा करते हुए

# लोन के नाम पर पांच लाख की ठगी आरोपी को जेल की सलाखों में भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पर्सनल लोन स्वीकृत कराने का झांसा देकर खाताधारक से पांच लाख रूपएं की ठगी करने के मामले में थाना कांकेर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी बरदेभाटा कांकेर निवासी लक्ष्मण साहू पिता स्व. रामाधीर साहू को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने विधिवत कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। धोखाधड़ी का शिकायत लेकर कांकेर थाना पहुंचे अलबेलापारा कांकेर निवासी 52 वर्षीय छबीलाल मंडावी ने 14 फरवरी को शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वर्ष 2025 में उन्होंने बैंक में पर्सनल लोन के लिए आवेदन किया था। आवेदन प्रक्रिया के दौरान बैंक में कार्यरत बताए जा रहे लक्ष्मण साहू ने स्वयं को लोन प्रक्रिया से जुड़ा बताकर विश्वास जीता और मोबाइल फोन में लोन से संबंधित ऐप डाउनलोड कराया। जांच में सामने आया कि आरोपी ने प्रार्थी के नाम पर 6 लाख 39 हजार 456 रुपएं का लोन स्वीकृत कराया, परंतु राशि खाते में आने के बाद 9 फरवरी को 2 लाख 9 हजार रूपएं तथा 10 फरवरी को 3 लाख 70 हजार 54 रुपएं कुल 5 लाख रूपएं अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। इस प्रकार आरोपी ने योजनाबद्ध तरीके से लोन प्रक्रिया का दुरुपयोग कर वित्तीय धोखाधड़ी को अंजाम दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 64/26 धारा 318(4) एवं 316(5) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ ▶▶|शेष पेज 10 पर



### पहले भी दर्ज हो चुका है मामला

आरोपी लक्ष्मण साहू के खिलाफ पूर्व में धोखाधड़ी का दर्ज होने की बात सामने आई है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी नरहरपुर थाना में धोखाधड़ी का मामला दर्ज है, जिससे उसके आपराधिक प्रवृत्ति के संकेत मिलते हैं।

# आठ लीटर महुआ शराब जब्त कोचिया को पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

उजियारा अभियान के तहत अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान में थाना नरहरपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 8 लीटर देशी महुआ शराब तथा बिक्री से संबंधित नकद राशि जप्त किया गया। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू के मार्गदर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर के पर्यवेक्षण में अवैध शराब कारोबार के विरुद्ध लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना प्रभारी सोमेश सिंह बघेल के नेतृत्व में 15 फरवरी को थाना स्टाफ द्वारा ग्राम भ्रमण के लिए रवाना हुआ था। तभी मुखबिर से जानकारी मिला कि ग्राम मांडरादरहा निवासी उमेश कुमार मरकाम अपने घर में अवैध रूप से महुआ ▶▶|शेष पेज 10 पर



# विधायक सावित्री ने सोनपाल कबड्डी का किया शुभारंभ प्रतिभाओं को मिला मंच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम सोनपाल में ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को मंच देने और युवाओं में खेल भावना को सशक्त करने की दिशा में आयोजित त्रिदिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि की आसंदी से भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा सभी टीमों को अनुशासन, समर्पण और खेल भावना के साथ खेलने की प्रेरणा दी।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि ग्रामीण अंचल में इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन एक बड़ी उपलब्धि है। इससे गांव के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है और खेल के माध्यम से अनुशासन, नेतृत्व तथा टीमवर्क जैसे गुण विकसित होते हैं। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताएं समाज में एकता, भाईचारा और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को मजबूत करती हैं। विधायक के ग्राम सोनपाल आगमन को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के बाद पहली बार किसी विधायक का गांव में आगमन हुआ है, जिससे पूरे गांव में खुशी और गर्व का माहौल बना। ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विधायक का स्वागत किया और अपनी समस्याएं व मांगें उनके समक्ष रखीं। ग्रामीणों की मांग पर विधायक ने देवस्थल में टीनशेड निर्माण हेतु 10 लाख रुपये तथा खुला रंगमंच निर्माण के लिए 3 लाख रुपये की घोषणा की। उन्होंने आश्वासन दिया कि गांव की आवश्यक सुविधाओं एवं विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं मिल सकें।

इस अवसर पर सरपंच कुबेर दर्रो, गोपी बढ़ाई, धनेश नरेटी, हुमन मरकाम, पार्वती शोरी, सानूराम दुग्गा, शम्भू दुग्गा, बालगोविंद राणा, संजू राणा, सियाराम टेकाम, धनसाय हुर्रा, सियाराम पोटाई, रसालू गावड़े, बाबूलाल कोला, संतोष राणा, गैंदालाल राणा, सुखचंद प्रजापति सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के शुभारंभ के साथ ही पूरे गांव में खेल उत्सव जैसा माहौल बन गया।

## कथावाचक आचार्य संतोष से विधायक आशाराम ने लिया आशीर्वाद

# महाशिवरात्रि पर शिव भक्ति का महासंगम शिव कथा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- रुद्राभिषेक, हवन पूजन व महाभंडारे के साथ संपन्न हुआ आयोजन

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्री श्री बटुकेश्वर महादेव सेवा समिति, सिविल लाईन कॉलोनी, माहुरबंदपारा के तत्वावधान में आयोजित शिव कथा के तीसरे दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास आचार्य पंडित संतोष मिश्रा महाराज ने शिव महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए शिव चरित्र, माता पार्वती के जन्म प्रसंग तथा श्री शिव–पार्वती विवाहोत्सव की दिव्य कथा का भावपूर्ण वाचन किया। उनके ओजस्वी प्रवचन से श्रोता भावविभोर हो उठे और पूरा पंडाल हर-हर ▶▶|शेष पेज 10 पर



### महाराज का विधायक ने लिया आशीर्वाद

शिव कथा के आयोजन में विधायक आशाराम कथा पंडाल में पहुंचकर आचार्य पंडित संतोष मिश्रा महाराज के श्रीचरणों में नतमस्तक हुए और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की। विधायक ने शिव कथा के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आध्यात्मिक कार्यक्रम समाज में संस्कार, भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने सेवा समिति के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। विधायक की उपस्थिति से आयोजन की गरिमा और अधिक बढ़ गई तथा श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

## खबर संक्षेप



### भोंगापाल में लगा आधार शिविर, 180 नए कार्ड बने

**फरसगांव।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत भोगापाल में शनिवार को आधार कार्ड बनाने शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने नए आधार कार्ड बनवाने के साथ-साथ नाम–पता संशोधन, मोबाइल नंबर अपडेट सहित अन्य आवश्यक सुधार कार्यों का लाभ उठाया। शिविर में लगभग 180 लोगों के नए आधार कार्ड बनाए गए तथा ग्रामीणों के आधार में आवश्यक अपडेट किए गए। स्थानीय ग्रामीण भानु राम नाग व अन्य ने बताया आधार संबंधी कार्यों के लिए ब्लॉक या जिला मुख्यालय तक लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, जिससे समय और आर्थिक बोझ दोनों बढ़ते थे। इस शिविर के आयोजन से ग्रामीणों को गांव स्तर पर ही सुविधा मिल गई।ग्रामीणों ने शिविर आयोजन को सरकार की बेहतर पहल है।

### बेलरगांव में जगह जगह कचरे के ढेर

**नगरी।** राष्ट्रीय गौरव ग्राम पंचायत बेलरगांव के मुख्य मार्ग सहित कई स्थानों पर कूड़े-कचरे के ढेर लगे होने से क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। मार्ग किनारे रखे गए कूड़ेदानों से कचरा बाहर गिरकर नालियों में गिर रहा है, जिससे दुर्गंध फैल रही है। इससे



राहगीरों तथा स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि यह मुख्य मार्ग अत्यंत व्यस्त है, जहां से प्रतिदिन हजारों लोग, स्कूली बच्चे, आम नागरिक तथा जनप्रतिनिधि गुजरते हैं। इसके बावजूद लंबे समय से सफाई व्यवस्था की अनदेखी होने के कारण स्थिति दिन-प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मार्ग से गुजरते समय तेज बदबू के कारण उन्हें असुविधा होती है और आसपास रहने वाले परिवारों व दुकानदारों के लिए यह समस्या और भी गंभीर बन गई है। ग्रामीणों व व्यापारियों ने चिंता जताते हुए कहा कि कई बार शिकायत के बावजूद अब तक इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गई है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई, तो इससे स्वास्थ्य संबंधी खतरा भी उत्पन्न हो सकता है। इस संबंध में सरपंच रीता नेताम ने बताया कि अभी सफाई कर्मी नहीं आ रहे हैं। सफाई व्यवस्था तत्काल दुरुस्त की जायेगी।

### करेली बड़ी स्कूल में बोर्ड परीक्षा की तैयारी

**मगरलोड।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 की समय सारिणी घोषित की जा चुकी है। परीक्षाएं सुबह 9 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक एक ही शिफ्ट में होंगी। कक्षा 12वीं की परीक्षा 20 फरवरी से 18 मार्च तक और 10वीं की परीक्षा 21 फरवरी से 13 मार्च तक होगी।

# दोड़देकादर की कबड्डी स्पर्धा में विधायक सावित्री ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम दोड़देकादर में आयोजित त्रिदिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन समारोह उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने खिलाड़ियों, आयोजन समिति एवं ग्रामीणों से संवाद कर खेल भावना को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि हमारे क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, आवश्यकता केवल इतनी है कि उन्हें उचित मंच और अवसर मिले। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं और खेल के माध्यम से अनुशासन, आत्मविश्वास तथा टीम भावना विकसित होती है। विधायक ने बताया कि तीन दिनों तक चले इस आयोजन में दूर-दूर से पहुंचकर खिलाड़ियों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में किसी की जीत हुई तो किसी को हार का



सामना करना पड़ा। इस पर उन्होंने हारने वाले खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हार से निराश होने की जरूरत नहीं है। हार के कारणों को पहचानकर उसमें सुधार करें और फिर नए उत्साह के साथ मैदान में उतरें। वहीं जीतने वाले खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि जीत के बाद भी खिलाड़ियों को संतुष्ट नहीं होना चाहिए, बल्कि बेहतर से और बेहतर प्रदर्शन की दिशा में लगातार मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल में निरंतर अभ्यास और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। विधायक ने ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के खेल आयोजन को बड़ी उपलब्धि बताते हुए अर्जुन समिति का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों और युवाओं को एक मंच मिलता है, जहां वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सीखने और आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त करते हैं। समापन कार्यक्रम में सरपंच चिखली सोनबती ध्रुव, जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, धनेश नरेटी, हुमन मरकाम, पार्वती शोरी, सानूराम दुग्गा, शम्भू दुग्गा, बालगोविंद राणा, संजू राणा, सियाराम टेकाम, धनसाय हुर्रा, सियाराम पोटाई, रसालू गावड़े, बाबूलाल कोला, संतोष राणा, गैंदालाल राणा, सुखचंद प्रजापति, गैंदालाल राणा सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## भक्तों ने शिवलिंग पर दुग्ध, शहद, घी, बेलपत्र, पुष्प से किया जलाभिषेक

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर क्षेत्र के सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं द्वारा भक्तिभाव से पूजा अर्चना की गई। शिवालयों में हर-हर महादेव, बोलबम की अनुगूंज के साथ श्रद्घालुओं की विशेष कर महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी। रविवार को सुबह से ही क्षेत्र के श्रद्घालुओं का पूजा-अर्चना के लिए घरों से निकलना शुरू हो गया था जो शाम तक शिव मंदिरों में भोलेनाथ की पूजा-अर्चना के लिए श्रद्घालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। जगह-जगह भंडारा सहित विविध धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए, जिसमें श्रद्घालुओं ने भक्तिभाव से हिस्सा लिया। क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर फरसगांव नगर के थाना के समीप स्थित शिवालय, तालाब के पास स्थित शिवालय, बिजली कार्यालय परिसर में स्थित शिवालय , नेशनल हाइवे 30 पर स्थित भैरव मोड़ स्थित शिवमंदिर, सोनाबेड़ा के घूमर नदी किनारे स्थित शिवालय सहित आसपास के क्षेत्र में सुबह से ही भक्ति और उल्लास का वातावरण बना हुआ था।

■ शिवालयों में दिनभर रहा भक्तिमय माहौल

इस दौरान शिवालय में श्रद्घालुओं ने जल, दुग्ध, शहद, घी, बेलपत्र, पुष्प से अभिषेक कर भक्तिभाव से भोलेनाथ का हवन पूजा की और ब्राह्मण द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण कर भक्ति भाव से शिव आराधना की गई। इस अवसर पर सभी मंदिरों में भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया था, भंडारे में भक्तों को खिचड़ी, खीर पूड़ी, सब्जी का प्रसाद वितरण किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्घालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। शिवालयो में दिनभर भजन-कीर्तन तथा भोलेनाथ की भक्ति गीतों से माहौल उत्सवपूर्ण बना रहा। वही सुरक्षा और शांति व्यवस्था हेतु पुलिस के जवान तैनात रहे।

## महाशिवरात्रि पर्व पर उमड़ा जनसैलाब देवी–देवताओं की हुई भव्य अगुवाई

**कोण्डागांव।** जिले के केशकाल अनुविभाग अंतर्गत विकासखंड बड़ेराजपुर की ग्राम पंचायत हरवेल में पारंपरिक वार्षिक फुल बाजार मेला आस्था, श्रद्धा और उत्साह के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। महाशिवरात्रि पर्व के दूसरे दिन आयोजित इस मेले में आसपास के गांवों से सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण पहुंचे, जिससे मेला परिसर में भारी भीड़ देखने को मिली। मेले में परंपरा के अनुसार 9 गांवों के देवी–देवताओं की विधिवत अगुवाई की गई। देवी–देवताओं को फूल, चावल, चंदन से वंदन कर वाद्य यंत्रें की गूंज के साथ मेला परिसर में भ्रमण कराया गया। इसके पश्चात गांव की खुशहाली और समृद्धि के लिए शीतला माता मंदिर में विशेष पूजा–अर्चना की गई। पूजन कार्यक्रम में माता पुजारी एवं देव समिति के सदस्यों ने विधि–विधान से पूजा सम्पन्न कर ग्रामवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक और सांस्—तिक वातावरण बना रहा। ग्राम पंचायत हरवेल के सरपंच महेश कुमार नेताम ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए मेले का आयोजन संतुलित एवं सुव्यवस्थित ढंग से किया गया। मेले में किसी भी प्रकार की अनहोनी न हो, इसके लिए सुरक्षा, स्वच्छता एवं अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं।



### जनप्रतिनिधियों व मेला समिति का रहा विशेष योगदान

इस सफल आयोजन में सरपंच महेश कुमार नेताम, उपसरपंच प्रतिनिधि घड़वा राम मंडावी, जनपद सदस्य प्रतिनिधि दिनेश मरकाम, माता पुजारी रामलाल मंडावी सहित पंचायत प्रतिनिधि, देव समिति, मेला समिति पदाधिकारी, युवा संगठन के सदस्य, वालंटियर एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। हरवेल का यह पारंपरिक फुल बाजार मेला न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र रहा, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का भी सशक्त माध्यम बना, जिसमें ग्रामीणों की सहभागिता सराहनीय रही।

## जोरातराई में मनाया गया वजन तिहार



**अंवरी।** ग्राम जोरातराई में आंगनबाड़ी केंद्र के तत्वावधान में वजन तिहार का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के तहत 0 से 6 वर्ष तक के बालक-बालिकाओं की ऊंचाई एवं वजन का मापन किया गया। गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं का भी वजन कर उनके स्वास्थ्य की जांच की गई। इस अवसर पर पूर्व जनपद सभापति श्रीमती परमेश्वरी साहू विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने छोटे-छोटे बाल गोपालों का वजन कर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया तथा बच्चों के समुचित पोषण और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में ग्राम के वरिष्ठ नागरिक केजू राम साहू, चुरामन साहू, नंदकुमार साहू, आरएचओ श्रीमती सीमा पटेल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेमा वैष्णव, सुखवती साहू, पद्मिनी साहू, जागेश्वरी बंदे, कनक, दुलारी पटेल, ईश्वरी तारक, सुलोचनी साहू, उमा तारक सहायिका, सत्यभामा निषाद, गीतांजलि साहू, नीलम साहू, कुंती तारक, रामेश्वरी निषाद, नंदनी साहू सहित गांव की महिलाओं ने सहभागिता निभाई। लगभग 25 बच्चों की उपस्थिति में आयोजित वजन तिहार को ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक मनाया और बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

# जल- जमीन व जंगल की रक्षा का ली शपथ सीतराम में मनाया गुंडाधुर भूमकाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

आदिवासी स्वाभिमान, अधिकार और अस्तित्व की लड़ाई की ऐतिहासिक चेतना को जीवंत करते हुए ग्राम सीतराम में गुंडाधुर भूमकाल दिवस पूरे सम्मान और जागरूकता के साथ मनाया गया। सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक इकाई पखांजूर के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा और समाज के प्रबुद्धजन शामिल हुए। आयोजन ने न केवल इतिहास की याद दिलाई, बल्कि वर्तमान चुनौतियों और भविष्य की दिशा पर भी गंभीर मंथन का मंच प्रदान किया।

तहसील पखांजूर अंतर्गत अबूझमाड़ की सीमा से लगे ग्राम सीतराम में आयोजित गुंडाधुर भूमकाल दिवस कार्यक्रम में आदिवासी समाज के इतिहास, संस्कृति और अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लक्ष्मण मंडवी ने युवाओं से अव्हान किया कि वे मोबाइल और सोशल मीडिया के विवेकपूर्ण उपयोग को अपनाएं। उन्होंने




कहा कि तकनीक ज्ञान का सशक्त माध्यम बन सकती है, लेकिन इसका गलत इस्तेमाल युवाओं को भटकाने का कारण भी बन रहा है। इसलिए सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से सतर्क रहना समय की जरूरत है। सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक इकाई पखांजूर की ओर से मैनी कचलाम ने आदिवासियों की जल-जमीन-जंगल पर बढ़ते खतरे को गंभीर मुद्दा बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आदिवासियों की जमीन, जंगल और खनिज संसाधनों पर लगातार हस्तक्षेप हो रहा है, जिससे पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है। बस्तर संभाग में बन रही चौड़ी हाईवे सड़कों पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी सड़कों की आवश्यकता स्थानीय आदिवासी समाज को नहीं, बल्कि बाहरी हितों को लाभ पहुंचाने के लिए प्रतीत होती है। कार्यक्रम में प्रभाल केरकेट्टा ने नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि नशा और अवैध शराब आदिवासी युवाओं को बर्बादी की ओर धकेल रहे हैं, जिससे कई परिवार अपनी जमीन-जायदाद तक गंवाने को मजबूर हो रहे हैं। इससे बचाव के लिए समाज को संगठित होकर जागरूक अभियान चलाने की जरूरत है। कार्यक्रम के समापन पर वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि भूमकाल आंदोलन केवल इतिहास का अध्याय नहीं, बल्कि आज भी आदिवासी समाज के अधिकार, स्वाभिमान और अस्तित्व की प्रेरक लड़ाई है। युवाओं को अपने गौरवशाली इतिहास से सीख लेकर संगठित और सजग रहने का संदेश दिया गया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार व्यवसायी की मौत

### सब्जी बेचकर वापस लौट रहा था तभी कार ने मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

एनएच 30 स्थित नगरनार थाना क्षेत्र के माड़पाल मुख्य मार्ग में बीती रात हुए सड़क हादसे में बाइक सवार सब्जी व्यवसायी की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को चपेट में ले लिया।

जानकारी के मुताबिक हादसे में 35 वर्षीय सोनूराम की मौत हो गई। नगरनार थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि मृतक टलनार आवासपारा का निवासी था और सब्जी बेचने के लिए अपनी मोटरसाइकिल पर जगदलपुर गया हुआ था। देर रात लौटते समय एक अज्ञात वाहन ने उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे सोनूराम की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन का चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

घटना की जानकारी मार्ग में आवाजाही कर रहे लोगों ने नगरनार पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू करते हुए घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी जिसके बाद परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार वाहन चालक की पहचान करने आस पास लगे सीसीटीवी खंगाल रही है।

### नहीं थम रहा सड़क हादसा

बीते कुछ घटों में जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क हादसों में कई लोगों की मौत हो चुकी है तथा कई लोग घायल हो चुके है। लगातार हादसों में लोग अपनी जान गवां रहे है लेकिन हादसा थमने का नाम नहीं ले रहा है। यातायात नियमों की अनदेखी व तेज रफ्तार के चलते लगातार हादसे हो रहे है। भानपुरी के पास हुए सड़क हादसे में बीती शाम कार सवार युवक की मौत हो गई थी। वहीं धरमपुरा के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से मासूम छात्र की मौत हो गई थी।

# पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक में 2017 से लंबित महंगाई राहत भुगतान मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ उप तहसील शाखा लखनपुरी की बैठक संघ के अध्यक्ष आनंदसिंह ठाकुर की अध्यक्षता में गरिमामय वातावरण में हुई। बैठक में पेंशनर साथियों के साथ-साथ नवनिर्वाचित जिला पदाधिकारी जिलाध्यक्ष देवराम नाग, जिला सचिव लीलाराम सेन एवं जिला कोषाध्यक्ष लोकेशकुमार साहू की उपस्थिति रही।

बैठक की शुरुआत में सुरजाबाई कुंजाम एवं सुरजाबाई साहू द्वारा संघ की सदस्यता ग्रहण करने पर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात संघ के संगठनात्मक विस्तार एवं पेंशनरों से जुड़ी विभिन्न मांगों पर विस्तृत चर्चा



की गई। बैठक में जिला कार्यकारिणी के गठन, जिला स्तर पर पेंशनर भवन निर्माण के लिए भूमि आबंटन, जिला/संभाग/राज्य स्तर पर अंशदान की व्यवस्था, तथा सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियों का निर्धारण किया गया और साथ ही सभी सदस्यों से समय-सीमा के भीतर वार्षिक सदस्यता शुल्क जमा करने की अपील की गई। संघ द्वारा एक मंच, एक मांग के बैनर तले वर्ष 2017 से लंबित महंगाई राहत डीआर की शेष राशि का भुगतान शीघ्र करने तथा निर्धारित समय पर महंगाई राहत प्रदान करने की मांग को प्रमुखता से उठाया गया। इस विषय पर चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि यदि मांगें शीघ्र पूरी नहीं होतीं, तो आगामी मार्च 2026 में मंत्रालय रायपुर में प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन में सहभागिता के लिए पेंशनर साथियों को संगठित किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष देवराम नाग, जिला सचिव लीलाराम सेन एवं जिला कोषाध्यक्ष लोकेशकुमार साहू ने संगठन को मजबूत बनाने, सदस्य संख्या बढ़ाने, तथा पेंशनर साथियों को हरसंभव सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया। बैठक में जोहनराम साहू, मीना सोनी, उर्मिला साहू, केएल जैन, एचआर देवांगन, कुमार जुर्री, जगदीश मंडावी, नारद कुंजाम सहित अन्य पेंशनर साथियों की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। अंत में तहसील अध्यक्ष आनंदसिंह ठाकुर एवं राजूराम कुंजाम ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया। बैठक का मंच संचालन एसपी सिंह तहसील कोषाध्यक्ष द्वारा सफलतापूर्वक किया गया।

## पेज 9 के शेष...

### महाशिवरात्रि पर शिवलयों...

अर्पित किए गए। पुजारियों ने बताया कि पहले शिवलिंग का अभिषेक कर पूजा की जाती है, इसके बाद नंदी महाराज के कान में मनोकामना कही जाती है। सरंगपाल के प्राचीन शिव मंदिर सहित कई प्रमुख शिवालयों में सुबह से ही दर्शनार्थियों की लंबी कतारें लगी रहीं। सरंगपाल शिव मंदिर में दर्शन करने के लिए विधायक आशाराम नेताम परिवार के साथ पहुँचे और दर्शन किया।

### सुबह 6 बजे से ...

गया और सुबह 9 बजे हवन व पूजन हुआ। हवन पूजन के समाप्ति के बाद दोपहर 12 बजे से प्रसाद का वितरण, दोपहर 1 बजे मानस मंडलियों द्वारा रामायण पाठ किया गया। संध्या सात 7 बजे महाआरती हुई । इस अवसर पर अरूण कौशिक, अविनाश नेगी, नरेश परिहार, धर्मेंद्र चतुर्वेदी, यजुर्वेद सिंह ठाकुर, हेमंत चंद्रौल, देवेन्द्र कुशवाह, सुरेंद्र गुप्ता, पंकज कौशिक, विजयलक्ष्मी कौशिक, सरिता यादव, छाया कौशिक, अनिता सोनी, मोना साहू, प्रीति मिश्रा और साथीगण शामिल रहे।

### लोन के नाम...

की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों के निर्देशन पर विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्य, बैंक लेन-देन विवरण और पूछताछ के आधार पर आरोपी का पता लगाकर उसे अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध स्वीकार किया। आरोपी को 15 फरवरी गिरफ्तार किया गया और न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### आठ लीटर महुआ...

शराब रखकर बिक्री कर रहा है। पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर दबिश दी। तलाशी के दौरान आरोपी के घर के कमरे से सफेद रंग की 20 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरीकेन में भरी 8 लीटर देशी महुआ शराब तथा 200 रुपएं नगद बरामद हुए। आरोपी मांडरादरहा निवासी 35 वर्षीय आरोपी उमेश कुमार मरकाम के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार करने पर उसे 15 फरवरी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी नरहरपुर सोमेश सिंह बघेल, आरक्षक खेमराज नेताम, महिला आरक्षक रानी नेताम एवं आरक्षक निलेश साहू की भूमिका रही।

### महाशिवरात्रि पर शिव...

महादेव के जयघोष से गूंज उठा। कथा के दौरान आचार्य मिश्रा महाराज ने बताया कि भगवान शिव त्याग, तप, करुणा और समत्व के प्रतीक हैं। शिव चरित्र के माध्यम से उन्होंने जीवन में संयम, सत्य और सेवा के महत्व को रेखांकित किया। माता पार्वती के जन्म और तपस्या प्रसंग में नारी शक्ति, धैर्य और दृढ़ संकल्प का संदेश दिया गया, वहीं शिव–पार्वती विवाहोत्सव की कथा ने भक्तों को गृहस्थ जीवन में प्रेम, समर्पण और संतुलन का मार्ग दिखाया। विवाह प्रसंग का जीवंत वर्णन सुनकर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं और वातावरण आध्यात्मिक उल्लास से भर गया। इसके अलावा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भव्य रुद्राभिषेक संपन्न हुआ। भगवान शिव का दुग्ध, जल, पंचामृत और बेलपत्र से अभिषेक कर विश्व कल्याण, सुख-शांति और समृद्धि की कामना की गई। इसके साथ ही हवन-पूजन आयोजित हुआ, जिसमें आहुतियों के माध्यम से पर्यावरण शुद्धि और जनकल्याण का संकल्प लिया गया। श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर पुण्य लाभ अर्जित किया। समापन अवसर पर विशाल महाभंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति के सदस्यों और स्वयंसेवकों ने सेवा भाव से व्यवस्था संभाली। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सेवा समिति ने सभी श्रद्धालुओं, दानदाताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी को राष्ट्रीय सम्मान

**रायपुर।** एनटीपीसी द्वारा रायपुर में आयोजित इंडियन पॉवर स्टेशन ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस कॉन्फ्रेंस के दौरान छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी को राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जनरेशन कंपनी के अंतर्गत संचालित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत केंद्र,(डीएसपीएम) कोरबा पूर्व को वर्ष 2024-25 के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला विद्युत केंद्र सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार ने ग्रहण किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विद्युत कंपनियों के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### उर्वरकों की कीमत बढ़ाना किसान विरोधी निर्णय : बैज

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने खेती में उपयोग किये जाने वाले जरूरी उर्वरको एनपीके और पोटाश की कीमतें बढ़ाये जाने के केन्द्र के निर्णय का विरोध किया है। एनपीके की कीमत 1,720 रुपए प्रति बोरी से बढ़ाकर 1,900 रुपए और पोटाश की कीमत 1,500 से बढ़ाकर 1,800 रुपए प्रति बोरी कर दिया गया है। एनपीके की कीमत पिछले दो सालों में 430 रुपए प्रति बोरी बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार की दुर्भावना के चलते किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है और खेती करना दिन-ब-दिन मुश्किल होता जा रहा है। किसान विरोधी यह सरकार हर बजट में खाद सब्सिडी घटा रही है, जिसका सीधा असर कृषि लागत में दिख रहा है। भाजपा की सरकार किसानों के हितों पर कुठाराघात कर रही है।

### पं. श्यामाचरण शुक्ल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री पंडित श्यामा चरण शुक्ला की पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेस भवन में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने उनके योगदान को स्मरण करते हुए कहा, उन्होंने अपने सादे जीवन, सिद्धांतों और जनसेवा के माध्यम से प्रदेश की राजनीति को नई दिशा दी।

# वर्षगांठ बनी सेवा का उत्सव 'डॉक्टर चाय वाला' ने प्रसूति वार्ड में कराई गर्म पानी व्यवस्था

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

समाजसेवा को जीवन का उद्देश्य बना चुके "डॉक्टर चाय वाला" के नाम से पहचाने जाने वाले अशोक जायसवाल ने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ को अनूठा रूप देते हुए सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने महारानी अस्पताल एवं चिकित्सा महाविद्यालय डिमरापाल के प्रसूति वार्ड में माताओं और नवजात शिशुओं की सुविधा के लिए गीजर लगवाकर गर्म पानी की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित कराई।

इस पहल से अब वार्ड में भर्ती महिलाओं को विशेषकर ठंड और रात्रि समय में राहत मिलेगी। अस्पताल में प्रसव के बाद स्वच्छता,शिशु देखभाल और स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए गर्म पानी अत्यंत आवश्यक माना जाता है, जिसकी कमी अक्सर मरीजों के लिए परेशानी का कारण बनती थी।

अशोक जायसवाल ने कहा कि वर्षगांठ केवल व्यक्तिगत उत्सव नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का अवसर भी है। यदि छोटे प्रयास से किसी माँ को आराम और किसी नवजात को सुरक्षा मिलती है तो वही सबसे बड़ा आशीर्वाद है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अपने जीवन के विशेष अवसरों को सेवा से जोड़ें।

अस्पताल प्रबंधन ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि ऐसे प्रयास स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के साथ समाज में सहयोग और मानवीय संवेदना की भावना भी बढ़ाते हैं। नागरिकों और संस्थाओं के लिए यह एक प्रेरक उदाहरण है। इस अवसर पर समाजसेवी अशोक जायसवाल उपस्थित रहे।

### माताओं-नवजातों को राहत, अस्पताल में बढ़ी संवेदनशीलता की मिसाल



**सेवा से उत्सव मनाने की प्रेरक पहल**

वैवाहिक वर्षगांठ पर गीजर स्थापना के माध्यम से प्रसूति वार्ड में चौबीसों घंटे गर्म पानी की सुविधा सुनिश्चित हुई, जिससे माताओं की स्वच्छता,नवजातों की देखभाल और संक्रमण से बचाव में मदद मिलेगी। अस्पताल आने वाले परिजनों की परेशानी कम होगी और यह संदेश जाएगा कि निजी खुशी को सामाजिक दायित्व से जोड़कर छोटी पहल भी बड़ी राहत बन सकती है, बशर्ते समाज आगे बढ़कर सहयोग की भावना अपनाए।

## महाशिवरात्रि पर नगर व आसपास में स्थित शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

# तुलार गुफा व गुमरगुंडा शिवालय, समलूर गुमडा में लगा भक्तों का मेला



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम**

महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर व आसपास के शिव मंदिरों सहित गुमरगुंडा, समलूर, मड़से, गुमड़ा व बारसूर सहित तुलार वाले बाबा के दरबार मे दिन भर महादेव भक्तों का तांता लगा रहा। गीदम ब्लॉक से लगे हुए बीजापुर जिले के अबूझमाड़ जैसे अंदरूनी क्षेत्र में स्थित तुलार गुफ़ा अतिसंवेदनशील क्षेत्र होने के कारण श्रदालु यहां दुपहिया वाहन और पैदल ही पहुंचे। नगर से लगे गुमरगुंडा व समलूर स्थित शिव मंदिर में व गुमड़ा में स्थित डाकिया भीमाशंकर शिवालय, बत्तीसा मंदिर बारसूर में अपने आराध्य के दर्शन के लिए भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। गुमरगुंडा शिव मंदिर में मंदिर के मुख्य द्वार तक श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही है। गौरतलब हैं कि महाशिवरात्रि हिंदुओं का एक प्रमुख त्योहार है। पुराणों के अनुसार इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की शादी हुई थी। महाशिवरात्रि प्रति वर्ष फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। भगवान शिव की कृपा और आशीर्वाद पाने के लिए महाशिवरात्रि को बहुत खास माना गया है। महाशिवरात्रि के दिन भगवान शंकर की मूर्ति या शिवलिंग को पंचामृत से स्नान कराकर लोटे से जल चढ़ाया जाता है। फिर चंदन का तिलक लगाकर, बेलपत्र, भांग, धतूरा, जायफल, कमल गट्टे, फल, मिष्ठान, मीठा पान, इत्र चढ़ाया जाता हैं। माना जाता है कि इस दिन पूजा-पाठ करने से दांपत्य जीवन में खुशहाली आती है साथ ही, अविवाहितों को मनपसंद जीवनसाथी मिलता है।

### 195 बटालियन ने शिव मंदिर में पूजा-अर्चना तथा भंडारा का किया आयोजन



**गीदम।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 195 बटालियन, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, बारसूर द्वारा सातधार स्थित शिव मंदिर में स्थानीय नागरिकों तथा जवानों के साथ पूजा-अर्चना तथा भंडारा का आयोजन किया गया। पूजा में निकटवर्ती गॉव जैसे कि सडार, मांदेरनाला, हितालकुडुम, बेंगलूर, बारसूर, कोयम, हितामेटा इत्यादि के निवासी भी शामिल हुए तथा मिलकर इस आयोजन को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया। पुजा के समापन के उपरान्त भंडारा का भी आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों ने प्रसाद स्वरुप भोजन ग्रहण किया। अनिल कुमार सिंह, कमाण्डेन्ट-195 बटालियन द्वारा इस पावन अवसर पर उन सभी का सम्मान किया गया एवं सभी को यह संदेश दिया कि 195 बटालियन, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्रामीणों की सुरक्षा तथा अपने जिम्मेदारी के ईलाके में शाति-व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर अनिल कुमार सिंह, कमाण्डेन्ट-195 बटालियन, के साथ, सुभद्रा नेगी नगर पंचायत अध्यक्ष बारसूर एवं सुभाष चंद प्रसाद द्वितीय कमान अधिकारी, डा. अनिल कुमार भारती, सीएमओ, संजीव कुमार यादव सहायक कमाण्डेन्ट, निरीक्षक/जीडी (सुबेदार मेजर) मुकेश कुमार एवं अन्य अधीनस्थ अधिकारी और जवान मौजूद रहे। वाहिनी की कंपनीयों में भी पूजा-अर्चना एवं भंडारा का आयोजन स्थानीय नागरिकों एवं जवानों के साथ बड़े धूम-धाम के साथ किया गया।

# रुद्रारम पंचायत ने दी थी अनापत्ति प्रमाण पत्र

**खास बातें**

- रकबा कम इसलिए जनसुनवाई की जरूरत नहीं
- कुचनूर कोरंडम खदान को मिली वैध पर्यावरण स्वीकृति
- विधायक के आरोप को खनिज विभाग ने किया तथ्य देकर किया खारिज




**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम**

जिला खनिज अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भोपालपटनम ब्लॉक के ग्राम कुचनूर के कोरंडम खदान के संबंध में उठाए गए प्रश्नों पर स्थिति स्पष्ट करते हुए तथ्यात्मक जानकारी प्रस्तुत की है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन खनिज साधन विभाग के आदेश 2 फरवरी 2021 के तहत छत्तीसगढ़ मिनरल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड को जिला बीजापुर के तहसील भोपालपटनम अंतर्गत वनमंडल बीजापुर के कक्ष क्रमांक 560 नया कक्ष क्रमांक 826 कुनकुर कोरंडम खदान के 3.70 हेक्टेयर क्षेत्र में खनिज कोरंडम के उत्खनन की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह भी स्पष्ट किया गया कि ग्राम पंचायत रुद्रारम एवं जनपद पंचायत भोपालपटनम के प्रस्ताव 25 मार्च 2011 के अनुसार खदान संचालन हेतु अनापत्ति प्रस्ताव सर्वसम्मति से जारी किया गया था।

पर्यावरणीय नियमों के तहत 5.0 हेक्टेयर से अधिक या क्लस्टर खदानों के लिए जनसुनवाई आवश्यक होती है, जबकि संबंधित खदान क्षेत्र 5.0 हेक्टेयर से कम है और क्लस्टर में शामिल नहीं है। राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण छत्तीसगढ़, रायपुर ने ईसी नंबर 20 दिसंबर 2025 के तहत ईआईए नोटिफिकेशन 2006 के प्रावधानों के अनुसार पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई है। गौरतलब है कि बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी ने पत्रवार्ता में ग्राम सभा की अनुमति नहीं लेने और जनसुनवाई नहीं करने का आरोप लगाकर कोरण्डम खदान देने पर आपत्ति की थी। इसी आरोप के जवाब में खनिज विभाग ने तथ्य के साथ जवाब देकर आरोप को सिरे से खारिज किया है।

# स्पोर्ट्स एकेडमी बनी विजेता



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर**

- दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन

जिले में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने एवं ग्रामीण युवाओं को सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से मिनी स्टेडियम, बीजापुर में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आज भव्य समापन हुआ। 12 एवं 13 फरवरी को आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले की 28 टीमों के बीच रोमांचक एवं प्रतिस्पर्धात्मक मुकाबले देखने को मिले। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी की टीम ने खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए टीम विजेता घोषित हुई। द्वितीय स्थान पर गंगालूर की टीम रही, जबकि अम्मा मार्केटिंग की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण प्रतियोगिता के समापन अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किए गए। जिसमें प्रथम स्थान 51 हजार एवं ट्रॉफी, द्वितीय स्थान 21 हजार एवं ट्रॉफी, तृतीय स्थान 11 हजार एवं ट्रॉफी। व्यक्तिगत पुरस्कार खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट नागेश पेरमा, बेस्ट अटैकर सुधाकर सोढ़ी, बेस्ट लिफ्टर रोहित मिंज, बेस्ट ब्लॉकर सीनू हेमला उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अन्य खिलाड़ियों को भी आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए।

जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति समापन समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, नगरपालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी, जिला पंचायत सदस्य शंकरैया माड़वी एवं नीना रावतिया उद्दे, जनपद अध्यक्ष उसूर पूर्णिमा तेलम, कलेक्टर संबित मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे, संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल, जिला खेल अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सीआरपीएफ 219 वीं बटालियन ने पुलवामा के वीर सपूतों को दी श्रद्धांजलि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा**

सीआरपीएफ मुख्यालय 219 वीं बटालियन ने इंजराम में कर्मवीर सिंह यादव, द्वितीय कमान अधिकारी कमाण्डेन्ट एओएल के नेतृत्व में पुलवामा हमले की सातवीं बरसी पर अपने 40 बहादुर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। ज्ञात हो कि 2019 में आज ही के दिन राष्ट्र की सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था।

सीआरपीएफ 219 वीं बटा. के वरिष्ठ अधिकारियों ने शहीदों के नाम अंकित शिलाखंड पर पुष्पचक्र अर्पित किए। बल के जवानों ने 'शोक शस्त्र' की मुद्रा में खड़े होकर अपने साथियों को सम्मान दिया और दो मिनट का मौन धारण किया एवं सभी रैंक के कर्मियों ने आतंकवाद के खात्मे और आंतरिक सुरक्षा को अक्षुण्ण रखने की शपथ ली। कमाण्डेन्ट-ए.ओ.एल 219वीं बटालियन के द्वारा संदेश दिया गया पुलवामा के शहीदों का बलिदान सीआरपीएफ के गौरवशाली इतिहास का एक अभिन्न अंग है। उनकी वीरता हमें याद दिलाती है कि राष्ट्र की सुरक्षा की कीमत क्या है। हम न केवल उन्हें याद करते हैं, बल्कि उनके परिवारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने की अपनी प्रतिबद्धता को भी दोहराते हैं। सीआरपीएफ इस बात पर जोर देता है कि 14 फरवरी केवल एक दुखद दिन नहीं है, बल्कि यह हमारे जवानों के अदम्य साहस और कर्तव्य के प्रति समर्पण का प्रतीक है। बल 'सेवा और निष्ठा' के अपने आदर्श वाक्य पर चलते हुए देश की अखंडता की रक्षा के लिए सदैव तत्पर है। समारोह में अनुराग राज द्वितीय कमान अधिकारी कानाराम चौधरी सहा. कमाण्डेन्ट एवं डॉ. मोहम्मद इब्राहिम वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी के साथ सभी कार्मिक धीनस्थ अधिकारी मौजूद रहे।



# लंबित मांगों पर मिला सकारात्मक पहल का आश्वासन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

- सांसद के साथ बैलाडिला और नगरनार मजदूर संघ के लोग मिले इस्पात मंत्री से

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध खदान मजदूर संघ शाखा किरंदुल, बचेली एवं नगरनार इस्पात मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने बस्तर सांसद महेश कश्यप के नेतृत्व में केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी से नई दिल्ली निवास पर मुलाकात की। उन्हें अवगत कराया गया कि श्रम संघ की पहल एवं एनएमडीसी के श्रमिकों की जागरूकता के कारण कुछ ट्रेड यूनियनों द्वारा 12 फरवरी को आहूत की गई राष्ट्रव्यापी हड़ताल का उत्पादन पर कोई असर नहीं पड़ा।



अन्य यूनियन द्वारा प्रबंधन को हड़ताल की नोटिस दी गई थी। वहीं खदान मजदूर संघ किरंदुल, बचेली एवं नगरनार इस्पात मजदूर संघ द्वारा कार्य पर आने की लिखित सूचना दे दी गई थी। कार्यक्षेत्र में लगातार श्रमिकों को नए श्रम संहिता जिनमें आज की तारीख में अप्रासांगिक हो चुके 29 अलग अलग जटिल पुराने कानून के एवज में 4 नवीन एकीकृत लेबर कोड वेतन संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता, औद्योगिक सम्बन्ध संहिता, व्यावसायिक सुरक्षा स्वास्थ्य एवं कार्य स्थिति संहिता के बारे में जागरूक किया गया। उत्पादन ठप्प किये जाने से श्रमिक, उद्यम एवं राष्ट्र को होने वाले नुकसान की जानकारियां प्रदान की गई। परिणीति यह हुई कि जिन्होंने हड़ताल की लिखित सूचना दी थी, उन्हें भी कदम वापस खींचते हुए उत्पादन के लिए बाध्य होना पड़ा। श्रम संघ की पहल पर एनएमडीसी के श्रमिकों ने उत्पादन हेतु सहयोग प्रदान किया है। अब समय है लंबित पुनरीक्षित वेतनमान को शीघ्र लागू करवाने का निवेदन मंत्री से किया गया। संघ के पदाधिकारियों द्वारा औद्योगिक अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप यूनियन को मान्यता प्रदान करने तथा क्षेत्रीय श्रम आयुक्त द्वारा जारी पत्र के अनुसार गुप्त मतदान प्रक्रिया के माध्यम से मान्यता के लिए ट्रेड यूनियन सदस्यता सत्यापन हेतु आवश्यक आगामी कार्रवाई हेतु अनुरोध किया गया। जिस पर केंद्रीय मंत्री ने सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। संघ शाखा किरंदुल के अध्यक्ष बी दिल्ली राव, दानेश्वर जोशी, बचेली शाखा के सुरेश तामो, मनीलाल देवांगन, नगरनार इस्पात मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष दुर्गा चरण ने धनतेरस पर अनुमानित एरियर की अग्रिम राशि के रूप में कर्मचारियों को राहत प्रदान करने सार्थक पहल के लिए सांसद का आभार व्यक्त किया।

# बोर्ड परीक्षा की तैयारी को लेकर पालक-शिक्षक संगोष्ठी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

विकासखंड बस्तर के शासकीय हाई स्कूल टाकरागुड़ा में आगामी बोर्ड परीक्षा की तैयारी को लेकर ग्राम स्तर पर पालक-बालक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षा के प्रति ग्रामीणों की जागरूकता और गंभीरता स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

ग्रामीण परिवेश के बीच इमली के पेड़ की छांव में आयोजित इस बैठक में बड़ी संख्या में पालक एवं विद्यार्थी शामिल हुए। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों की परीक्षा तैयारी को सुदृढ़ करना और पालकों को इस प्रक्रिया से सीधे जोड़ना रहा।

बैठक में बोर्ड परीक्षा की रूपरेखा, प्रश्नों के प्रकार और तैयारी की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। विद्यार्थियों को छोटे प्रश्नों, वस्तुनिष्ठ प्रश्नों, रिक्त स्थान पूर्ति और सही जोड़ी मिलान जैसे प्रश्नों की तैयारी के आसान तरीके समझाए गए,जिससे वे परीक्षा में आत्मविश्वास के साथ बेहतर प्रदर्शन कर सकें। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन,सतत अभ्यास और समय प्रबंधन का महत्व बताते हुए प्रातःकालीन अध्ययन को विशेष रूप से उपयोगी बताया।



# राष्ट्रीय मंच पर गूंजा प्रथा का सुर, मिली शाबासी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

- संगीतकारों व कलाकारों की मौजूदगी में हुआ सम्मान

स्वर्णिम धरोहर लता फाउंडेशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की गायन प्रतियोगिता में देशभर से आए कलाकारों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में जगदलपुर की प्रतिभावान गायिका प्रथा दुबे ने अपनी मधुर प्रस्तुति से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रथा दुबे की भावपूर्ण गायकी ने श्रोताओं और निर्णायकों को प्रभावित किया। प्रतियोगिता में प्रथम कोरबा के भव्य देवांगन तथा द्वितीय रांची की सोनम पाठक ने प्राप्त किया। विजेताओं को स्मृति चिन्ह,प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।





## खबर संक्षेप

### कुत्तों के हमले से बछिया हुई गंभीर

**भानुप्रतापपुर।** नगर में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में अंतागढ़ रोड पर खड़ी एक बछिया पर आवारा कुत्तों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। कुत्तों के हमले से बछिया गंभीर रूप से घायल हो गई और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना के समय आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाकर किसी तरह कुत्तों को भगाया और बछिया को उनके चंगुल से छुड़ाया। इसके बाद घायल बछिया को तत्काल उपचार के लिए पशु चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों की समस्या पर कार्यवाही की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### सिवनी में 17 को आनंदमेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोदल अंतर्गत ग्राम पंचायत सिवनी में 17 फरवरी को आनंद मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेले को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है तथा तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। ग्राम पंचायत सिवनी की सरपंच उमेशश्वरी मंडावी ने बताया कि आयोजको में सुदेश तोप्पा, राजेन्द्र मंडावी, फगनूराम गांवर, आशीष तोप्पा, पुष्पराज महावीर, राकेश राणा, चुम्मन सिन्हा, अभिषेक, देवप्रसाद चुरेंद्र, भीमसेन महावीर, अनूप मंडावी सहित ग्राम गायता रामू राम मंडावी तैयारी में लगे है। आनंद मेला के दिन रात में मां की ममता नाचा पार्टी और रायपुर से आमंत्रित रंग सरोवर सांस्कृतिक दल प्रस्तुति देगा।

**विकास : पाँच सड़कों के लिए मिले 19 करोड़, पक्की होंगी कच्ची सड़कें, मिलेगी राहत**

# विधायक आशाराम के प्रयासों से बदलेगी गांवों की तस्वीर, दशकों की प्रतीक्षा खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- ग्रामीण अंचल सहित अन्य क्षेत्रों में सड़कों का जाल बिछेगा
- स्वीकृत सड़को के बन जाने से किसानों, छात्रों और मरीजों को मिलेगा सीधा लाभ

जिला मुख्यालय कांकेर से महज 10 किलोमीटर के दायरे में बसे कई गांव आजादी के बाद से अब तक बुनियादी सुविधा यानी पक्की सड़क से वंचित रहे। बरसात में कीचड़, गर्मी में धूल और आपात स्थिति में आवागमन की भारी कठिनाइयों ने ग्रामीण जीवन को वर्षों तक जकड़े रखा। क्षेत्रीय विकास के प्रति प्रतिबद्ध विधायक आशाराम नेताम के सतत प्रयासों से तीन प्रमुख कच्चे मार्गों को पक्की सड़क में बदलने की प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है। इसके अलावा अन्य दो सड़को के मजबूतीकरण के लिए भी राशि स्वीकृत हुई।

जानकारी के अनुसार एक दर्जन गांव के लोग कच्ची सड़क को पक्की के लिए लंबे समय से माँग कर रहे थे, परंतु अभी तक के जनप्रतिनिधियों ने गंभीरता नहीं दिखाई। ग्रामीण फिर से विधायक आशाराम नेताम के पास पहुँचे और विधायक ने गंभीरता दिखाते हुए पहल किया। तीन कच्ची सड़को के बनने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई रफ्तार मिलती है। किसान अपनी उपज समय पर मंडी तक पहुंचा सकेंगे, परिवहन लागत घटेगी और फसल की बेहतर कीमत मिल सकेगी। बच्चों की स्कूलों में उपस्थिति बढ़ेगी, गर्भवती महिलाओं और बीमारों को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी सहभागिता बढ़ेगी, जिससे गांवों का समग्र विकास संभव होगा। एक दर्जन से अधिक गांवों के लोगों को सुरक्षित, सुगम और स्थायी आवागमन की सुविधा मिलने का रास्ता साफ हो गया है।



### सड़क बनने से ग्रामीणों को होगा सीधा लाभ

विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि ग्रामीण अंचलों का समग्र विकास मजबूत और सुरक्षित सड़कों के बिना संभव नहीं है। आजादी के बाद से जो गांव पक्की सड़क जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित थे, उनकी पीड़ा को मैंने नजदीक से देखा और उसी को प्राथमिकता बनाकर यह पहल की गई। तीन कच्ची सड़कों के पक्कीकरण और अन्य मार्गों के सुदृढ़ीकरण से हजारों ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा। इससे किसानों को अपनी उपज समय पर मंडी तक पहुंचाने में सुविधा होगी, बच्चों की शिक्षा, मरीजों का इलाज और आम लोगों का आवागमन आसान होगा। इसके अलावा दो सड़को के मजबूतीकरण के लिए भी करोड़ो की राशि स्वीकृत हुई है।

### विधायक के प्रयासों की सराहना



स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से वे जनप्रतिनिधियों से पक्की सड़क की मांग करते आ रहे थे, लेकिन अब जाकर यह सपना साकार हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि विधायक आशाराम नेताम ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से लिया, संबंधित विभागों से समन्वय किया और प्रशासकीय स्वीकृति दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यही कारण है कि आज कच्ची सड़कों की जगह पक्के मार्ग बनने जा रहे हैं।

### कांकेर-दुधावा राज्य मार्ग के लिए 3 करोड़ 91 लाख स्वीकृत

कांकेर-दुधावा राज्य मार्ग के सुदृढ़ीकरण के लिए 391.30 लाख रुपये की प्रशासकीय मंजूरी दी गई है। यह राज्य मार्ग कांकेर जिले की प्रमुख जीवनरेखा मानी जाती है, जो कई ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों को जोड़ता है। इस मार्ग से होकर शैक्षणिक संस्थानों, स्वास्थ्य केंद्रों, बाजारों और शासकीय कार्यालयों तक लोगों की निर्बाध पहुंच सुनिश्चित होती है।

### मॉलगांव-छिन्दपारा सड़क के लिए 3 करोड़ 18 लाख मंजूर

मॉलगांव से छिन्दपारा पहुंच मार्ग की माँग लंबे समय से की जा रही थी, परंतु आजादी के बाद से आज तक इस कच्ची सड़क के लिए किसी ने सुध नहीं लिया। कांकेर विधायक ने लगभग 3 किमी लंबे इस मार्ग के निर्माण के लिए चिंता किया और 3 करोड़ 18 लाख रूपएं की प्रशासकीय स्वीकृति दिलाई और एक से ड़ेढ माह के अंदर निविदा प्रकिया को पूर्ण करके बारिश के पहले सड़क बनकर तैयार हो जाएगी। यह सड़क केवल दो गांवों को जोड़ने भर का काम नहीं करेगी, बल्कि आसपास के कई छोटे-छोटे आश्रित गांवों को भी मुख्य मार्ग से जोड़ेगी।

### पाडरवाही सड़क के लिए ढाई करोड़ स्वीकृत

राज्य राजमार्ग 06 से पाडरवाही पहुंच मार्ग 1.90 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के लिए पुल-पुलिया सहित 256.77 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। बरसात के दिनों में नालों-नदियों के उफान से कट जाने वाले इस मार्ग पर अब स्थायी पुल-पुलिया बनने से सालभर निर्बाध आवागमन सुनिश्चित होगा। इससे ग्रामीणों को बाजार, शासकीय कार्यालयों और आपात सेवाओं तक पहुंचने में सहूलियत मिलेगी।

### कुरिष्टिकुर पदियापारा पगडंडी मुक्त

कुरिष्टिकुर पदियापारा के लिए पगडंडी है, जिसकी माँग लंबे समय से की जा रही थी, जिसके लिए 173.58 लाख रुपये की राशि पुल-पुलिया निर्माण सहित मंजूर की गई है। यह क्षेत्र लंबे समय से कच्ची पगडंडियों पर निर्भर रहा है। पक्की सड़क बनने से यहां रहने वाले ग्रामीणों के लिए रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य के अवसरों तक पहुंच आसान होगी।

### 7.40 किमी हिस्से के लिए होगा 432.10 लाख मंजूर

जिले के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण कांकेर-अमोड़ा-नरहरपुर मार्ग के 7.40 किमी. लंबे हिस्से के सुदृढ़ीकरण और मजबूतीकरण के लिए 432.10 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। यह मार्ग कांकेर को अमोड़ा होते हुए नरहरपुर से जोड़ता है और रोजाना हजारों छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही इसी रास्ते से होती है। लंबे समय से इस मार्ग पर गड्ढे टूट-फूट और सतह की खराब स्थिति के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता था।

# रासेयो शिविर में साइबर क्राइम की जानकारी शिविरार्थियों को दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



साइबर सुरक्षा को लेकर कांकेर पुलिस द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम कोकपुर में आयोजित एनएसएस कैम्प में साइबर सेल टीम ने विद्यार्थियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म के सुरक्षित उपयोग तथा ऑनलाइन ठगी से बचाव के तरीकों की जानकारी दी। साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक यशवंत श्याम एवं टीम ने भानुप्रतापदेव महाविद्यालय के एनएसएस विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए कैम्प में सहभागिता कर जागरूकता सत्र लिया। इस दौरान पुलिस द्वारा डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग, साइबर अपराधों की पहचान, तथा ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग, ओटीपी धोखाधड़ी, सोशल मीडिया हैकिंग, फर्जी लॉटरी/जॉब ऑफर और यूपीआई फ्रॉड के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, अनजान लिंक पर क्लिक न करने और व्यक्तिगत जानकारी, बैंक विवरण व OTP किसी से साझा न करने की सलाह दी गई, साइबर अपराध होने पर तुरंत हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करने तथा नजदीकी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया, सोशल मीडिया का जिम्मेदार उपयोग करने और अफवाहों से दूर रहने पर जोर दिया गया, डिजिटल साक्षरता बढ़ाने और सुरक्षित इंटरनेट व्यवहार अपनाने, वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से डिजिटल अरेस्ट जैसे नए साइबर ठगी तरीकों की जानकारी दी गई। कांकेर पुलिस द्वारा कहा गया कि मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें, संदिग्ध लिंक से बचें और किसी भी वित्तीय साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत 1930 नंबर डायल करें या ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर सकते है।

# सामुदायिक सुविधाओं से सामाजिक ढांचा सशक्त होगा : विधायक नेताम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- ग्राम मोदी माटवाड़ा में विधायक ने टिना शेड का किया लोकार्पण

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर क्षेत्र के विकास को नई गति देते हुए विधायक आशाराम नेताम ने कांकेर विकासखंड के ग्राम मोदी माटवाड़ा में जनहित के महत्वपूर्ण टीना शेड निर्माण कार्य का विधिवत लोकार्पण किया। श्रद्धा, उल्लास और जनसहभागिता के वातावरण में संपन्न इस कार्यक्रम ने ग्रामवासियों के चेहरों पर खुशी की मुस्कान बिखेर दी। लोकार्पण समारोह में विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक सुविधाओं का सुदृढ़ होना सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। ग्राम मोदी माटवाड़ा में निर्मित यह टीना शेड सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए एक उपयोगी एवं सुरक्षित मंच उपलब्ध कराएगा। इससे वर्षा या धूप जैसी मौसमी चुनौतियों से मुक्त होकर ग्रामवासी विवाह, उत्सव, बैठकें और अन्य सामूहिक कार्यक्रम सुचारु रूप से आयोजित कर सकेंगे। विधायक ने आगे कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि गांव-गांव में बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जाए, ताकि ग्रामीणों को शहरों की ओर पलायन न करना पड़े और स्थानीय स्तर पर ही सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में सड़क, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े विकास कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा।इस अवसर पर ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक, महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्याएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह टीना शेड उनकी लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता थी, जो अब पूरी हुई है। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का सम्मान किया गया और ग्रामीणों ने विकास कार्यों के लिए सहयोग का संकल्प लिया। ग्राम मोदी माटवाड़ा में यह लोकार्पण न केवल एक निर्माण कार्य का उद्घाटन रहा, बल्कि ग्रामीण विकास और सामूहिक सहभागिता का प्रेरक उदाहरण भी बना।

# पिपलेश्वर महादेव मंदिर में उमड़े श्रद्धालुओं, आरती के बाद भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के संजय नगर वार्ड स्थित पिपलेश्वर महादेव मंदिर में रविवार 15 फरवरी को सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भगवान शिव के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए भक्तजन दिनभर मंदिर पहुंचते रहें, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का वातावरण बना रहा। सुबह से शुरू हुए पूजन क्रम के तहत श्रद्धालुओं ने जल, बेलपत्र, धतूरा और पुष्प अर्पित कर भगवान शिव का अभिषेक किया। मंदिर समिति द्वारा दोपहर 1 बजे विधि-विधान से सामूहिक जलाभिषेक एवं महाआरती संपन्न कराई गई, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। आरती के समय मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। आरती के उपरांत दोपहर 3 बजे से मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में संजय नगर सहित आसपास के मोहल्लों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन की व्यवस्था मंदिर समिति एवं स्थानीय स्वयंसेवकों द्वारा सुचारु रूप से संभाली गई। धार्मिक श्रद्धा, सामूहिक सहभागिता और सेवा भावना के साथ संपन्न यह आयोजन क्षेत्र में आस्था और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक बना रहा।

## स्वास्थ्य विभाग ने नेत्रदाता सेलेगांव के जैन परिवार का किया अभिनंदन



**कोरर।** सेलेगांव के लगभग 30 सदस्यों ने 11 वर्ष पूर्व सामूहिक रूप से नेत्रदान का संकल्प लिया था। इसी संकल्प के तहत 2014 से अब तक परिवार द्वारा तीन नेत्रदान कर चुका है। गत वर्ष अजय एवं संजय जैन की माता स्व. फुलबासन जैन तथा नाथू जैन, रमेश जैन और उदय जैन की माता स्व. भागबती जैन के निधन उपरांत उनके परिजनों ने नेत्रदान कर समाज को नई दृष्टि देने का पुनीत कार्य किया। स्वास्थ्य विभाग ने जैन परिवार के लिए अभिनंदन समारोह आयोजित किया। मानव सेवा का सबसे बड़ा रूप तब सामने आता है, जब शोक की घड़ी में भी कोई परिवार समाज के लिए प्रेरणादायी निर्णय लेता है। सेलेगांव में जैन परिवार ने ऐसा ही अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए मरणोपरांत नेत्रदान की परंपरा को जीवंत रखा है। यह परंपरा सम्पूर्ण मानव समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस अनुकरणीय योगदान के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा मानस मंच सेलेगांव में जैन परिवार का अभिनंदन किया गया। अभिनंदन समारोह में परिवार को अभिनंदन पत्र, साल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। नेत्र सहायक अधिकारी अशोक यादव ने बताया कि नेत्रदान कोई भी कर सकता है। महिला या पुरुष इसके लिए पूर्व से नेत्रदान घोषणा पत्र भरने की बाध्यता नहीं है। नेत्रदान में व्यक्ति केवल अपनी मृत्यु पश्चात ही नेत्रदान कर सकता है। एक नेत्रदान से दो कॉर्नियल ब्लाइंडनेस व्यक्ति लाभान्वित होते हैं। कोई भी व्यक्ति चाहे वह किसी भी उम्र, जाति, लिंग, रक्त समूह और धर्म का हो, वह अपनी आँखें दान कर सकता है। नेत्रदान में नेत्र मृत्यु के छः घंटे के भीतर प्राप्त किया जाता है। नेत्रदान अभिनंदन कार्यक्रम में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ सचेन्द्र गोटा, रत्ना पॉल, अशोक ठाकुर, अर्चना ठाकुर, कौशल नाग, लिलेश जैन और नेत्रदान करने वाले जैन परिवार के सदस्य अशोक जैन, अजय जैन, रमेश जैन, नाथू जैन, मानस आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर, सदस्य रघुवर साहू, अशोक जैन, रामा साहू, कुलेश्वर साहू, ताकेश साहू आदि उपस्थित रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी जेल दाखिल



**कांकेर।** थाना कोरर पुलिस ने नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। घटना के बाद फरार आरोपी को अंबिकापुर से पकड़कर लाया गया। 13 फरवरी को प्रार्थी ने थाना कोरर में लिखित शिकायत दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग बेटी को अज्ञात आरोपी बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। मामले में अपराध क्रमांक 21/2026, धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। विशेष टीम गठित की गई। आरोपी द्वारा पीड़िता को धमतरी में रखने की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम ने वहां से पीड़िता को बरामद किया। बाद में आरोपी के अंबिकापुर में छिपे होने की जानकारी मिलने पर विशेष टीम भेजी गई, जहां से उसे गिरफ्तार कर थाना लाया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया। आरोपी धमतरी जिला के वार्ड क्रमांक 17 जोधापुर वार्ड धमतरी निवासी 29 वर्षीय अनिल कुमार मंडावी पिता डोमार सिंह को 15 फरवरी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## नरहरपुर जनपद की में हुई मासिक बैठक



**कांकेर।** जनपद पंचायत नरहररपुर में मासिक बैठक का आयोजन जनपद पंचायत अध्यक्ष सोमन सिंह एवं उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू की उपस्थिति में हुई, जिसमें विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और लंबित कार्यों को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में ग्राम्य विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़क निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में सदस्यों और अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाए रखने और जनता से संवाद के माध्यम से उनके सुझावों को योजनाओं में शामिल करने पर विशेष जोर दिया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 10 मई, 16 मई, 22 मई, 25 मई, 28 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु कांकेर एवं जगदलपुर जिलों में 10 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 12,000
दिनांक - 14 फरवरी से 17 फरवरी 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
Resume Whatsapp करें
90983 24969
91318 93124
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर